RKL/SX/2025-26/91 January 23, 2026

BSE Ltd.
Phiroze Jeejeeboy Towers
Dalal Street
Mumbai – 400001

Scrip Code: 532497

National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot no. C/1,
G Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E)
Mumbai – 400051

Scrip code: RADICO

Subject: Submission of copies of Newspaper Advertisements

Ref: Disclosure under Regulation 30 and 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations")

Dear Sir/Madam,

In continuation to our letter no. RKL/SX/2025-26/88 dated January 22, 2026 and pursuant to Regulation 30 and 47 of the Listing Regulations, please find enclosed herewith copies of newspaper advertisements published today i.e. January 23, 2026 in Business Standard (English) and Hindustan, Moradabad edition (Hindi) with respect to Statements of Unaudited Standalone & Consolidated Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2025.

The copies of newspaper advertisements are also being disseminated on the Company's website at: http://www.radicokhaitan.com/investor-relations/

This is for your information and records.

Thanking You,
For **Radico Khaitan Limited**

Dinesh Kumar Gupta
Digitally signed by Dinesh Kumar Gupta
Date: 2026.01.23 16:10:06 +05'30'

Dinesh Kumar Gupta
Senior Vice-President - Legal & Company Secretary

Email Id: investor@radico.co.in

Encl: A/a

Republic Day weekend sets travel wheels spinning

Surge towards nearby getaways and quick overseas hops

AKSHARA SRIVASTAVA
New Delhi, 22 January



With Republic Day falling on a Monday, the first long weekend of 2026 is set to see heightened travel activity to short-haul domestic destinations such as Jaipur from Delhi and Lonavala from Mumbai, as well as international hotspots including Dubai and Southeast Asia.

According to MakeMyTrip, appetite for travel remains strong, with the spike beginning on Friday, January 23, and peaking on Saturday, January 24.

A preference for nearby destinations is evident in top travel choices from major metros. Apart from Goa, leading destinations from Delhi include Jaipur, Rishikesh, Mussoorie, and Udaipur. From Mumbai, Lonavala, Alibaug, Mahabaleshwar, and Karjat have emerged as top picks.

Long weekends are increasingly driving domestic travel demand, supporting steady growth in the travel and hospitality sectors. Data from the Ministry of Tourism shows domestic tourist visits rose to 3,035.9 million until August 2025, up from 677.63 million trips in 2021.

With as many as 12 long weekends lined up this year, domestic travel is expected to remain buoyant through the year. "Internationally, the skew towards easy-visa destinations continues. Countries with direct connectivity to multiple cities are leading demand, with Thailand at the forefront and Vietnam also performing well," said Rajesh Magow, cofounder and group chief executive officer, MakeMyTrip.

Based on booking trends at travel planning platform Cox & Kings, bookings for the Republic Day long weekend are up nearly 20 per cent compared with a regular January weekend.

"Long weekends like Republic Day have become intentional travel moments rather than impulsive breaks. Travellers today are planning smarter, choosing destinations that allow them to switch off, and valuing curated experiences that remove stress from short holidays," said Karan Agarwal, director, Cox & Kings.

According to the platform, bookings from corporate professionals in the 25–45 age group have risen noticeably, alongside higher demand from families and multi-generational travellers. Average spend per booking has increased by 15–18 per cent for long-weekend travel.

Cleartrip said bus bookings have risen 1.5 times year-on-year, signalling demand for short-haul travel. "With airfares remaining steady and hotel bookings growing nearly three times year-on-year, travel demand continues to centre around key hubs. Delhi, Bengaluru, Mumbai, Kolkata, and Hyderabad lead domestically, while Dubai, Bangkok, Phuket, and Singapore remain the top international destinations, mirroring year-end travel patterns," said Manjari Singal, chief growth and business officer at the platform.

Luxury villa rental platform SaffronStays reported demand growth of nearly 130 per cent year-on-year. Key markets in Maharashtra have crossed 70 per cent occupancy, while Kasauli has moved past the 50 per cent mark. Goa and Uttarakhand are tracking at around 50 per cent occupancy for the long weekend, said founder Devendra Parulekar.

Agoda data shows that beyond Goa, Pondicherry, and Udaipur, destinations such as Varkala in Kerala and Ooty recorded the highest growth in searches among the top 10 destinations, rising 188 per cent and 182 per cent, respectively.

Won't play T20 World Cup in India: Bangladesh

A defiant Bangladesh on Thursday refused to send its national cricket team for next month's T20 World Cup in India after the International Cricket Council (ICC) rejected its demand for a change of venue, paving the way for Scotland to take its place.

Bangladesh had been served an ultimatum by the world body on Wednesday to either agree to travel to India or risk being replaced as there was no credible threat to the safety of their players, officials or fans.

The country was given time till Thursday to make its decision. Scotland is next in line based on team rankings for the tournament starting February 7.

However, taking a hard-line position Bangladesh's sports advisor Asif Nazrul, after a meeting with national team players, announced that the ICC's assessment was not acceptable to them. "While our cricketers have worked hard to qualify for the World Cup, the security risk regarding playing in India remains unchanged. This concern is not based on abstract analysis... We expect the ICC to provide justice by considering our genuine security risks and allowing us to play in Sri Lanka," Nazrul said in a press conference.

Bangladesh had raised concerns after Mustafizur Rahman was ousted from the Indian Premier League on the Board of Control for Cricket in India's instructions unspecified "developments all around." PTI

सैल इंडिया 2026 की शुरुआत

मुंबई की गिरगांव चौपाटी पर सैल इंडिया 2026 और एशियन गेम्स चयन ट्रायल-II का शुभारंभ हुआ। इस नौकायन प्रतियोगिता में देशभर के 18 क्लबों और संस्थानों से आए करीब 150 नाविक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता 2026 में जापान के नागोया में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी का अहम मंच मानी जा रही है। आयोजन का उद्देश्य भारतीय नौकायन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और नई प्रतिभाओं को आगे लाना है।

26 जनवरी से पहले अलर्ट

सुरक्षा एजेंसियों ने दिया है 'कोड 26-26' का अलर्ट | **मुंबई और आसपास के जिलों में सुरक्षा कड़ी की गई** | **धार्मिक व भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी बढ़ी**

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: गणतंत्र दिवस से पहले देश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा किया है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा 'कोड 26-26' के तहत दिल्ली, मुंबई समेत देश के कई बड़े शहरों को निशाना बनाने की योजना बनाई गई है। इस गोपनीय सूचना के बाद मुंबई और उसके आसपास के जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने बताया कि वैसे तो हर साल गणतंत्र दिवस से पहले सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की जाती है, लेकिन इस बार खुफिया इनपुट मिलने के बाद से ही मुंबई पुलिस, फोर्स1, क्राइम ब्रांच और तटीय सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

अतिरिक्त पुलिस बल तैनात: अधिकारी ने बताया कि अलर्ट को गंभीरता से लेते हुए मुंबई के प्रमुख धार्मिक स्थलों, व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों, बस टर्मिनलों, हवाई अड्डे, मॉल और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। खासतौर पर बड़े मंदिरों और संवेदनशील इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। लोकल ट्रेनों, लंबी दूरी की ट्रेनों और सार्वजनिक स्थानों पर बम निरोधक दस्तों और डॉग स्क्वॉड की तैनाती बढ़ा दी गई है। सीसीटीवी और एसआरएस कैमरों से चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है।

संवेदनशील इलाकों में सघन जांच

संदिग्धों पर रहेगी नजर

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस साजिश में अल-कायदा से जुड़े संदिग्ध आतंकियों की भूमिका सामने आई है। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी वांटेड नोटिस के बाद देशभर की पुलिस को संदिग्धों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली लाल किला के पास हुए धमाकों के बाद मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

संदिग्ध वस्तु दिखे तो ...

मुंबई पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचें। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस स्टेशनों को हर स्तर पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अडिशनल सीपी और डीसीपी को हालात पर नजर रखते हुए सुरक्षा रिपोर्ट देने को कहा है।

मुंबई में एयर गन से फैल रही दहशत

Manish.Jha@timesofindia.com

■ मुंबई: मुंबई में हाल के दिनों में सामने आए कई आपराधिक मामलों में एयर गन के इस्तेमाल ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। ओशिवारा पुलिस के तहत एक राइटर-डायरेक्टर पर हुए कथित हमले में इस्तेमाल की गई गन को लेकर दावा किया जा रहा है कि वह एयर गन थी। हालांकि मौके से मिले बुलेट्स की फॉरेंसिक जांच जारी है, लेकिन इसी तरह माहिम केमिस्ट लूट कांड और पवई के सनसनीखेज बंधक प्रकरण में इस्तेमाल किए गए एयर गन के प्रयोग ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

माहिम केमिस्ट से पवई बंधक कांड तक आरोपियों ने अपनाया एयर गन का हथकंडा

केस 1: माहिम केमिस्ट से लूट की कोशिश

माहिम के कपड़ा बाजार इलाके में एक केमिस्ट को एयर गन दिखाकर डराने और लूट की कोशिश करने के आरोप में अभिषेक सिंह (38) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक केमिस्ट ने इसे असली रिवॉल्वर समझ लिया था।

केस 2: लोखंडवाला फायरिंग मामला

अंधेरी के लोखंडवाला इलाके में एक राइटर-डायरेक्टर पर हुए कथित हमले में भी एयर गन के इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है। ओशिवारा पुलिस इस मामले में फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

केस 3: पवई में बच्चों का बंधक प्रकरण

पवई में आरोपी आर्य ने बच्चों को डराने और बंधक बनाए रखने के लिए एयर गन का इस्तेमाल किया था। बाद में आरोपी का एनकाउंटर कर दिया गया, लेकिन इस घटना ने दिखा दिया कि एयर गन से भी गंभीर अपराध को अंजाम दिया जा सकता है।

एयर गन का इस्तेमाल

एयर गन एक ऐसा हथियार होता है जो हवा या गैस के दबाव से छर्रे या पेलेट फेंकता है। आमतौर पर इसका इस्तेमाल खेल, शूटिंग प्रैक्टिस या शौकिया निशानेबाजी के लिए किया जाता है।

"एयर गन फायरआर्म नहीं है, लेकिन इससे गंभीर चोट या जान का खतरा हो सकता है। असली बंदूक जैसी दिखने के कारण इससे दहशत फैलती है। इसके इस्तेमाल पर और सख्ती जरूरी है।"
– कैलाश अव्हाड, रिटायर्ड एसीपी, मुंबई पुलिस

स्टेशन-मॉल परिसर में मोबाइल चोरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कांजुरमार्ग स्टेशन और ड्रीम मॉल परिसर में सुबह के व्यस्त समय में जेबकतरों ने एक युवक और उसकी महिला मित्र को निशाना बनाकर दो महंगे मोबाइल फोन चोरी कर लिए। डोंबिवली पश्चिम निवासी तनुज कालीचरण आचार्य (29) 19 जनवरी की सुबह करीब 9 से 9:15 बजे के बीच अपनी महिला मित्र के साथ पवई स्थित कार्यस्थल जा रहे थे। इसी दौरान भारी भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने दोनों की जैकेट की पिछली जेब से आईफोन-17 और वनप्लस 15आर मोबाइल निकाल लिए। चोरी गए मोबाइल की कुल कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई गई है। चोरी का पता चलने पर दोनों ने आसपास तलाश की, लेकिन मोबाइल नहीं मिले। इसके बाद पार्क साइट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है।

मलेरिया कंट्रोल पर रिसर्च के लिए मुंबई यूनिवर्सिटी को गोल्ड

अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान महोत्सव में प्रतिनिधित्व का मिला टिकट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) की ओर से परिसर विभागीय इंटर यूनिवर्सिटी रिसर्च प्रतियोगिता 'अन्वेषण' में मुंबई यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें यूनिवर्सिटी को 2 गोल्ड और 2 ब्रॉन्ज मेडल मिले हैं। साथ ही, मुंबई यूनिवर्सिटी ने अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान महोत्सव में भाग लेने का अधिकार भी हासिल कर लिया है। इस प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी की 6 टीमों ने भाग लिया था। इनमें से चार टीमों ने जबरदस्त सफलता हासिल की है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इस उपलब्धि को मुंबई यूनिवर्सिटी के लिए बड़ा अकादमिक बूस्ट बताया है।

यह दो दिवसीय प्रतियोगिता गुजरात की सरदार पटेल यूनिवर्सिटी में हुई। इसमें महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और गोवा की 32 यूनिवर्सिटी शामिल थीं। बेसिक साइंस में राहुल मिश्रा को मलेरिया कंट्रोल पर रिसर्च के लिए गोल्ड मेडल, जबकि सोशल साइंस में तेजस पवार ने 'इतिहास के जरिये समाज के अध्ययन' पर गोल्ड मेडल जीता। इंजिनियरिंग-टेक्नोलॉजी और हेल्थ साइंस कैटेगरी में मुंबई यूनिवर्सिटी को दो ब्रॉन्ज मेडल भी मिले। 2008 से हो रही 'अन्वेषण' प्रतियोगिता का मकसद स्टूडेंट्स में रिसर्च, इनोवेशन और साइंटिफिक थिंकिंग को बढ़ाना है। इसमें एग्रीकल्चर, साइंस, इंजिनियरिंग, हेल्थ, सोशल साइंस आदि क्षेत्रों को शामिल किया जाता है। मुंबई यूनिवर्सिटी के कुलगुरु रवींद्र कुलकर्णी, डॉ. अजय भामरे, रजिस्ट्रार डॉ. प्रसाद कारंडे और छात्र विकास विभाग के निदेशक डॉ. सुनील पाटील ने विजेता स्टूडेंट्स और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

महानगर खेल

गाइल्स शील्डः ज्ञानदीप सेवा मंडल बना चैंपियन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ज्ञानदीप सेवा मंडल स्कूल ने स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल SSC को 4 विकेट से हराकर गाइल्स शील्ड इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैच के तीसरे दिन स्वामी विवेकानंद टीम ने अपनी दूसरी पारी में 5 विकेट पर 58 रन से आगे खेलना शुरू किया और निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट पर 178 रन बनाए। शीर्षकांत उपाध्याय ने 94 और कार्तिक खरोडे ने नॉटआउट 58 रन बनाए। पहली पारी में 54 रन की बढ़त लेने वाली ज्ञानदीप स्कूल की टीम को जीत के लिए 40 ओवर में 125 रन बनाने का लक्ष्य मिला। अथर्व कलेल के 56 रन की बदौलत ज्ञानदीप स्कूल की टीम ने 34.5 ओवर में 6 विकेट पर 128 रन बनाकर मैच जीत लिया। स्वामी विवेकानंद स्कूल के दैवत कवाली ने 4 विकेट लिए। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर संदीप पाटील मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। ज्ञानदीप स्कूल के नील नाईक को बेस्ट बैटर, रिजवी स्प्रिंगफील्ड के अब्दुल्ला खत्री को बेस्ट बोलर और स्वामी विवेकानंद के कार्तिक खरोडे को बेस्ट ऑलराउंडर चुना गया।

गारमेंट कंपनी में करोड़ों की ठगी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा ने नायगांव मुंबई के एक गारमेंट निर्यातक कंपनी में करीब 11.21 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि वर्ष 2018 से जुलाई 2025 के बीच कंपनी के खातों में हेराफेरी कर बड़ी रकम गबन की गई। यह मामला जुलाई 2025 में आंतरिक जांच और फॉरेंसिक ऑडिट के दौरान सामने आया। जांच में सामने आया कि बैंक स्टेटमेंट में हेरफेर कर फर्जी परचेज ऑर्डर और वेंडर बिल बनाए गए। ऑडिट और प्रबंधन के लिए अलग-अलग स्टेटमेंट तैयार किए गए और इसी तरीके से रकम विभिन्न खातों में ट्रांसफर की गई। खुलासे के एक दिन बाद कंपनी के एक अकाउंट्स प्रोफेशनल ने सुसाइड नोट छोड़ आत्महत्या कर ली।

मुंबई हलचल

पदग्रहण समारोह: भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा ने डोंबिवली में महाराष्ट्र और जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पदग्रहण तथा स्वागत समारोह आयोजित किया। इसमें महाराष्ट्र अध्यक्ष रतिलाल गुप्ता, उत्तर प्रदेश से आए एडवोकेट सपूर्णानंद, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एस. पी. गुप्ता, होरिलाल गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, महेश गुप्ता, डॉ. शोभनाथ गुप्ता सहित में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

मनाया उत्तरायणी महोत्सव: उत्तरांचल मित्र मंडल, मीरा रोड ने 'उत्तरायणी पर्व' का आयोजन किया। इसमें 'सरग तारा जुनालि रात', 'घुरघुरानी घुघुति', 'शिवजी का भवन सवी फूल फुल्या छन' जैसे लोकगीतों की प्रस्तुतियों ने अनूठा सांस्कृतिक माहौल रच दिया। पूनम सागर में आयोजित इस वार्षिक आयोजन में मंडल से जुड़े कलाकारों ने लोकनृत्यों की भी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी केशवदत्त उपाध्याय थे। बिशन सिंह भंडारी, संजय बंदूनी, द्विजेंद्र पंत, विनोद दोसाद, रमेश चंद्र पुसोला, पूजा खाती और उषा रावत ने कार्यक्रम को सफल बनाया। संचालन दिव्यश्री पुसोला और तरुण रावत ने किया। संस्था के अध्यक्ष कैलाश खाती ने आभार व्यक्त किया।

भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
विकास आयुक्त का कार्यालय
सीप्ज़ विशेष आर्थिक क्षेत्र
अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400096

F. No. E-OPT-11/56/20222/ACC/FNC
दिनांक:- 21.01.2026

विषय: CPP पोर्टल के माध्यम से ई-टेंडर-कम-ई-नीलामी मोड में SEEPZ-SEZ में इकाई स्थापित करने हेतु स्थान/गाला के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित करने संबंधी।

SEEPZ-SEZ प्राधिकरण, SEZ अधिनियम एवं SEZ नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत, SEEPZ-SEZ में इकाई स्थापित करने में रुचि रखने वाले उद्यमियों से SEEPZ-SEZ परिसर में स्थित सरकारी स्वामित्व वाली इमारतों में उपलब्ध स्थान/गालाओं के आवंटन हेतु CPP पोर्टल के माध्यम से ई-टेंडर-कम-ई-नीलामी द्वारा आवेदन आमंत्रित करता है।

SEEPZ में उपलब्ध स्थान/गालाओं का विवरण 5 वर्षों की लीज पर (नवीकरणीय आधार पर) दिया जाएगा, जो कि विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा अनुमोदन समिति की स्वीकृति के पश्चात जारी किए जाने वाले LOA (लेटर ऑफ अप्रूवल) के साथ सह-समाप्त (Co-terminus) होगा।

सभी नियम एवं शर्तों का विवरण वेबसाइट अथवा CPP पोर्टल **http://seepz.gov.in/tender.aspx** या **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक उपरोक्त वेबसाइट/पोर्टल से टेंडर आईडी संख्या **2026_SEEPZ_894862_1** के अंतर्गत RFP, संशोधन (Corrigendum) एवं BOQ डाउनलोड कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नानुसार हैं:
- बोली प्रकाशन तिथि: 20.01.2026
- प्री-बिड बैठक: 29.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे,
- सम्मेलन कक्ष, द्वितीय तल, SEEPZ-SEZ सर्विस सेंटर भवन,
- विकास आयुक्त कार्यालय
- बोली जमा करने की प्रारंभ तिथि: 03.02.2026 प्रातः 9.00 बजे
- बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 10.02.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक
- बोली खोलने की तारीख: 11.02.2026 शाम 5:30 बजे

यह सूचना SEEPZ-SEZ प्राधिकरण के अध्यक्ष की स्वीकृति से जारी की जाती है।

हस्ता/-
(अमन कुमार शर्मा)
सहायक विकास आयुक्त/ संपदा
सीप्ज़-सेज़

PIT-NDPS के तहत कार्रवाई, तस्कर नज़रबंद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई पुलिस की नारकोटिक्स कंट्रोल सेल ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुख्यात ड्रग्स तस्कर इरशाद सरदार खान उर्फ 'चर्सी बाबा' (70) को PIT-NDPS अधिनियम, 1988 के तहत नजरबंद किया है। आरोपी को 21 जनवरी को छत्रपति संभाजीनगर के केंद्रीय कारागृह में भेज दिया गया। खान के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट के तहत चरस, गांजा और कोडीन फॉस्फेट की तस्करी से जुड़े कुल सात मामले दर्ज हैं। वह पहले भी 10 साल की सजा काट चुका है, लेकिन जेल से रिहा होने के बाद दोबारा ड्रग्स कारोबार में सक्रिय पाया गया। खान की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए मुंबई पुलिस आयुक्त की संस्तुति पर गृह विभाग, महाराष्ट्र सरकार ने नजरबंदी आदेश को मंजूरी दी।

विलेपार्ले : बंगले में दिनदहाड़े 41 लाख की चोरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : विलेपार्ले इलाके में दिनदहाड़े हुई 41 लाख रुपये की चोरी से इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रार्थना समाज रोड स्थित एक बंगले से सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चोरी होने की घटना सामने आई है। यह वारदात 19 जनवरी की शाम की है।

बंगले के मालिक चाय पीने और पत्नी दूध लेने गई थी बाहर

शिकायतकर्ता प्रवीण पवारे (63) अपनी पत्नी के साथ बंगले में रहते हैं। शाम प्रवीण चाय पीने बाहर गए थे, जबकि उनकी पत्नी दूध लेने निकली थीं। घर से निकलते समय मुख्य और सुरक्षा द्वार बंद कर दिए थे। जब पत्नी लौटकर आईं तो दोनों दरवाजों के ताले टूटे हुए मिले। चोरों ने घर के एक कमरे में रखी लोहे की अलमारी और लॉकर तोड़कर सोने के हार, मंगलसूत्र, चूड़ियां, कंगन, अंगूठियां, चेन, चांदी के बर्तन, पूजा सामग्री और अन्य कीमती सामान चुरा लिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 41.30 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

मनोरंजन

सूची पर बीएलओ के माध्यम से जांच कर काटे जाएंगे नाम

ग्राम पंचायतों में 4.50 लाख डुप्लीकेट मतदाता

पंचायत चुनाव

20 फरवरी तक दावे आपत्तियां ली जा रहीं 28 को सूची का प्रकाशन

- पंचायत चुनाव में पूर्व में जांच में 72 हजार नाम मिले

मुरादाबाद, मुख्य संवाददाता। मुरादाबाद में ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची में संभावित डुप्लीकेट वोटरों के नाम हटेंगे। मतदाता सूची से इन डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने के लिए सत्यापन किया जाएगा। मुरादाबाद में मतदाता सूची में साढ़े चार लाख ऐसे मतदाता हैं जिनके दो दो जगह नाम हैं। प्रदेश स्तर से संभावितसूची मिलने के बाद इस पर सुधार किया जा रहा है।

पंचायत चुनाव में पूर्व में जांच में 72 हजार नाम मिले थे। एक बार फिर छंटनी के बाद अकेले मुरादाबाद जनपद में 4.50 लाख मतदाता संभावित डुप्लीकेट मिले हैं इनमें मतदाताओं के नाम एक ही स्थान पर रखे जाएंगे। दो जगह किसी का वोट नहीं रहने दिया जाएगा। मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में मुरादाबाद में ग्राम पंचायतों के कुल मतदाताओं की संख्या 14 लाख 91 हजार बताई गई थी। सूची में कुल 2.28 लाख मतदाताओं के नए नाम इस बार बढ़े वहीं 2.11 लाख मतदाताओं के नाम इस बार पुनरीक्षण में काटे जा चुके हैं। प्रदेश स्तर से जांच में प्रत्येक जिले में डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम छांटे गए इनमें मुरादाबाद जिले में लगभग 4.50 लाख संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या मिली है। इन सभी की जांच करवाई जा रही है। जिससे मतदाता सूची को शुद्ध किया जा सके। पंचायत चुनाव की फाइनल वोटर लिस्ट 28 मार्च को जारी होगी। इससे पहले सत्यापन कर नाम शुद्ध कर लिए जाएंगे। जिससे बाद में समस्या नहीं हो।

डिवाइन अस्पताल के डॉक्टर पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

- गलत ऑपरेशन से मरीज का कट गया था पैर, कोर्ट सख्त

मुरादाबाद। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट संख्या-2 ने डिवाइन हॉस्पिटल, प्रिंस रोड के डॉक्टर यूसुफ त्यागी के खिलाफ थाना गलशहीद को 24 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं। मामला गलत ऑपरेशन, लापरवाही, धमकी, मारपीट और महिला से अभद्रता से जुड़ा हुआ है।

न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार, 22 मई 2025 को सलमान के पिता मुनाहिद हुसैन सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इलाज के लिए उन्हें डिवाइन हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉ. यूसुफ त्यागी ने 35 हजार रुपये लेकर ऑपरेशन किया। आरोप है कि ऑपरेशन गलत तरीके से किया गया, जिससे पैर में गंभीर संक्रमण फैल गया। हालत बिगड़ने पर दोबारा ऑपरेशन के नाम पर 8 से 10 लाख रुपये की मांग की गई। पीड़ित पक्ष ने जब अन्य डॉक्टरों से परामर्श लिया तो पता चला कि पहला ऑपरेशन गलत था और नसें खराब हो चुकी हैं। आरोप है कि इस बात पर डॉक्टर ने अपनी गलती मानते हुए 2-3 लाख रुपये देने और पुलिस में शिकायत न करने का दबाव बनाया। इसके बाद भी सुधार न होने पर पीड़ित परिवार ने शिकायत की तो डॉक्टर अपने साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुंचा, गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। इलाज में लापरवाही के चलते 21 जून 2025 को मरीज का पैर काटना पड़ा। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कोर्ट ने थाना गलशहीद को आदेश दिया कि 24 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू की जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और धारा 35 बीएनएसएस का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तपस्वी त्रिपाठी द्वारा पारित किया गया।

कांठ में बदमाशों ने महिला के कुंडल लूटे

कांठ। थाना क्षेत्र में दो बाइक सवार बदमाशों ने महिला के कुंडल लूट लिए और मारपीट कर घायल कर दिया। महिला के कान में 10 टांके आए हैं। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस और थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्राम बेगमपुर निवासी बुंदू खा परिवार के साथ कांठ करणपुर मार्ग पर रामगंगा नदी के पास में मकान बना कर रह रहे हैं, गुरुवार को उनकी पत्नी समीना 50 वर्ष घर पर थी तभी बाइक पर सवार दो व्यक्ति उनके घर पर पहुंचे और महिला से बातें करने लगे। जब महिला ने कहा कि अपने घर जाओ तो उन्होंने महिला को पकड़ लिया और नीचे गिराकर उनके सोने के कुंडल लूट लिए।

सीजेएम के ट्रांसफर के विरोध में सभा

बार एसोसिएशन

मुरादाबाद। जनपद संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आकस्मिक स्थानांतरण के विरोध में दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी की ओर से गुरुवार को जनरल हाउस (आम सभा) का आयोजन किया गया। यह सभा पूर्व निर्धारित एजेंडे के तहत दोपहर दो बजे बार एसोसिएशन के हॉल में हुई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता ने की, जबकि संचालन महासचिव कपिल गुप्ता ने किया।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि न्यायिक आदेश पारित करने के उपरांत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का स्थानांतरण किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे न केवल न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता प्रभावित होती है, बल्कि आम जनता के न्याय व्यवस्था पर विश्वास को भी गहरा आघात पहुंचता है। अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से इस घटनाक्रम का घोर विरोध दर्ज कराया। सभा में सर्वसम्मति से मांग की गई कि इस विषय से उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति को अवगत कराया जाए और जनपद न्यायाधीश मुरादाबाद के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया जाए। बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी सभागार में जरनल हाउस में बोलते अधिवक्ता मंचासीन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, महासचिव कपिल गुप्ता। • हिन्दुस्तान

एसआईआर : दूसरे दिन भी नोटिस के जवाब देने पहुंचे मतदाता

मुरादाबाद। एसआईआर के नोटिस तामील होने के बाद दूसरे दिन भी सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं का मेला लगा रहा। तहसील, ब्लाक कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय समेत की स्थानों पर जहां नोटिस की सुनवाई का स्थान तय है मतदाता साक्ष्य लेकर पहुंचे।

एसआईआर में नोटिस बीएलओ के माध्यम से तामील करवाने के बाद उनकी सुनवाई की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बताया कि सभी अधिकारी तय स्थान पर सुनवाई कर रहे हैं। किसी के पास साक्ष्य का अभाव है तो उसे जानकारी दी जा रही है कि कौन से साक्ष्य ला सकते हैं।

एसआईआर के नाम पर धांधली का लगाया आरोप

सपा की बैठक

मुरादाबाद। जिला समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने भाजपा पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाया है। कहा, सत्तारूढ़ दल के लोगों ने अगर वोट बनाने में हेराफेरी की तो फर्जी वोट बनवाने वालों, अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। यह बातें गुरुवार को कुंदरकी में बीएलए के सम्मेलन में जिलाध्यक्ष ने कही। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दोबारा फर्जी वोट बनाने में लगी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था अपवित्र करने पर उतावली है। उन्होंने दावा किया, प्रदेश की जनता और मतदाता भाजपा के साथ नहीं है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का पता नहीं चलेगा। पूर्व कुंदरकी विधायक हाजी रिजवान ने कहा कि 2027 में सपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता घर-घर जाएं और लोगों से संपर्क कर पार्टी की नीतियों बताएं। नाजिम उस्मानी, पुरकान अली, वेदप्रकाश सैनी, नौशाद पाशा, शाकिर सलमानी, राबिल पाशा, हाफिजुर्रहमान, वाजिद हुसैन, भूरे मलिक, जावेद अल्व आदि रहे।

17 लाख का लोन लेकर हड़पा, केस

मुरादाबाद। मझोला थाना पुलिस ने कटघर थाना क्षेत्र के एकता विहार निवासी मोहम्मद शरीफ के खिलाफ 17 लाख रुपये का लोन लेकर धोखाधड़ी करने में केस दर्ज किया गया है।

सीतापुर जिले के धूरामाव चम्पा निवासी सचिन जैसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक के दिल्ली रोड मझोला में शाखा प्रबंधक हैं। दर्ज रिपोर्ट में सचिन जैसवाल ने बताया कि मोहम्मद शरीफ ने उनके बैंक से 17 लाख रुपये का ऑटो लोन लिया था। इसके बाद हरिद्वार के रुकड़ी से वाहन खरीदने की बात बताया। तथ्य को छुपाकर उसने धोखाधड़ी करके लोन लिया और किश्ते जमा नहीं किया।

हिंदू कॉलेज के गेट पर भिड़े छात्रों के दो गुट, चलीं बेल्टें

अफरातफरी

- गाड़ी हटाने को लेकर शुरू हुई बहसबाजी मारपीट में बदली
- कॉलेज प्रबंधन बोला मारपीट का मामला कैंपस से बाहर का

मुरादाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। हिंदू कॉलेज के गेट पर गुरुवार को छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों गुटों की ओर से बेल्टें चलीं। हाथापाई के बीच वहां से गुजर रहे छात्रों में अफरातफरी मच गई।

हिंदू कॉलेज के गेट के पास दोपहर को गाड़ी हटाने को लेकर छात्रों के दो गुटों में बहस शुरू हो गई। कुछ ही समय में मारपीट होने लगी और बेल्टें चलने लगीं। इतने में कुछ छात्र और इकट्ठा हो गए और वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। परीक्षा देकर निकली छात्राएं भी सहमी नजर आईं। उधर, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. जीके शर्मा ने बताया कि कॉलेज परिसर में मारपीट नहीं हुई। कैंपस से बाहर दुकान पर सामान ले रहे कुछ लोगों में मारपीट की जानकारी मिली थी। वहां गए भी थे, लेकिन कॉलेज के छात्रों में मारपीट का मामला नहीं था। दुकानदारों में ही मारपीट हुई थी।

लखनऊ से किशोरी को बहलाकर लाया, बरामद

छजलैट/मुरादाबाद, हिटी। छजलैट थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक लखनऊ रेलवे स्टेशन पर मिली गोरखपुर निवासी किशोरी को बहलाकर घर ले आया। किशोरी के परिजनों ने मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंच कर शिकायत कर दी, जिसके बाद पुलिस ने मुरादाबाद पुलिस की मदद से किशोरी को बरामद कर लिया। हालांकि युवक पुलिस पकड़ से दूर है। गोरखपुर की रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी का मोबाइल पर लखनऊ के युवक से संपर्क हुआ था। दोनों का प्रेमप्रसंग शुरू हो गया। पता चलने पर किशोरी के परिवार वालों ने उसके घर से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी। इस बीच बीते सोमवार को किशोरी घर से भाग कर लखनऊ रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई। वहां से प्रेमी को कॉल करके घर ले जाने को कहा लेकिन युवक ने नाबालिग होने की बात कहकर साथ ले जाने से मना कर दिया। जिसके बाद किशोरी वहीं स्टेशन पर भटक रही थी। सोमवार देर शाम ही छजलैट के गांव मथाना निवासी युवक उसे मिला और बहलाफुसला कर उसे अपने गांव लेकर आ गया। उधर, सीएम के आदेश पर हरकत में आई गोरखपुर पुलिस ने लखनऊ पहुंच कर उसके प्रेमी को उठाया तो उसने सारी बात बता दी। मोबाइल लोकेशन से खोजते हुए पुलिस टीम गुरुवार सुबह करीब 11 बजे छजलैट थाने पर पहुंची।

एसएचओ प्रदीप कुमार सहरावत से मिल कर स्थानीय पुलिस को साथ लेकर गोरखपुर पुलिस गांव मथाना में आरोपी युवक के घर पहुंची तो उसके परिजनों ने बताया कि युवक किशोरी को ट्रेन पर बैठाने मुरादाबाद गया है। परिजनों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने किशोरी को अ नौगांवा सादात थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया।

युवती से दुष्कर्म की कोशिश, केस

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र में बहनोई ने घर में घुसकर युवती के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी के आदेश से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कांशीरामनगर क्षेत्र निवासी युवती ने तहरीर देकर बताया कि बीते 15 जनवरी को माता-पिता रिश्तेदार के घर गए थे। दोपहर में मुगलपुरा थाना क्षेत्र निवासी बहनोई घर में घुस आया। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने उसे कमरे में ले जाकर रेप की कोशिश की। बाद में आरोपी धमकी देते हुए वहां से चला गया।

हादसे में घायल दो लोगों की मौत

मूंढापांडे। मूंढापांडे थाना क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर बुधवार शाम डीसीएम की टक्कर से घायल रामपुर के दो लोगों की गुरुवार को मुरादाबाद में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए। पुलिस डीसीएम चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई करने में जुटी है। जानकारी के अनुसार, रामपुर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आगापुर निवासी विक्रम यादव और उमेश मूंढापांडे से बुधवार शाम करीब पांच बजे बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर सिहोरावाजे के पास डीसीएम ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

कनिष्ठ सहायक परीक्षा एक को

मुरादाबाद। शहर में एक फरवरी को कनिष्ठ सहायक पद की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 12,480 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा एक ही पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ पर्याप्त संख्या में कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल मौजूद रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि सभी को अपना प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा।

इन स्कूलों को बनाया गया केंद्र: अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज, अंसार इंटर कॉलेज, बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, एसएसवी इंटर कॉलेज, हिंदू डिग्री कॉलेज, हिंदू माडल इंटर कॉलेज, केजीके गौली कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज आदि कॉलेजों में केंद्र बनाए गए हैं।